बदसलूकी | आशा पर्यवेक्षकों ने कलेक्टर से की कार्रवाई की मांग

# अकाउंटेंट पर बदसलूकी का आरोप



**नवभारत, बालाघाट।** बालाघाट में आशा पर्यवेक्षकों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया। उन्होंने आरोप लगाया कि सीएससी खैरलांजी में पदस्थ अकाउंटेंट ने मानदेय की जानकारी मांगने पर उनके साथ बदसलूकी की। पर्यवेक्षकों ने अकाउंटेंट पर कार्रवाई करने और पांच माह से लंबित मानदेय का भुगतान किए जाने की मांग की। आशा पर्यवेक्षक ललिता सुलाखे ने बताया कि सीएससी खैरलांजी में पीसीएम सर ने आशा पर्यवेक्षकों की बैठक ली थी। इसके बाद वे सभी अकाउंटेंट के कक्ष में मानदेय की जानकारी लेने पहुंची थीं। वहां अकाउंटेंट ने उन्हें देखकर आक्रोशित होते हुए 'बदतमीज' कहा और कक्ष से बाहर निकाल दिया।आशा पर्यवेक्षकों ने बताया कि अकाउंटेंट के इस तरह के व्यवहार से उनके आत्म-सम्मान को ठेस पहुंची है। उन्होंने कहा कि अगस्त से मानदेय नहीं मिलने के कारण उन्हें गंभीर आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। काम करने के बावजूद मानदेय न मिलने से उन्हें उधार या कर्ज लेकर गुजारा करना पड़ रहा है।पर्यवेक्षकों ने प्रशासन से मांग की है कि उनका महीनों से रुका हुआ मानदेय जल्द से जल्द जारी किया जाए। साथ ही, उन्होंने अकाउंटेंट के अनुचित व्यवहार पर उचित कार्रवाई करने की भी अपील की।

**काम बंद करवाने की धमकी**

अकाउंटेंट ने कथित तौर पर यह भी कहा कि मानदेय के बारे में जानना है तो जिला कार्यालय जाकर बात करें। उन्होंने बीएमओ से सभी की शिकायत कर काम बंद करवा देने की धमकी भी दी।

# अटल पेंशन योजना में बालाघाट जिला देश में अव्वल

**462 प्रतिशत उपलब्धि के साथ प्रथम स्थान, पुरुषों से अधिक महिलाओं की भागीदारी**

नवभारत, बालाघाट। अटल पेंशन योजना के अंतर्गत CitizenÓs Choice HwPv अभियान (01 अक्टूबर 2025 से 31 दिसंबर 2025) में बालाघाट जिले ने पूरे भारतवर्ष में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले को राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। अभियान के दौरान जिले को 3,269 खातों का लक्ष्य दिया गया था, जिसके विरुद्ध 15,104 खातों का पंजीयन कर 462 प्रतिशत की ऐतिहासिक उपलब्धि अर्जित की गई। यह उपलब्धि देश के सभी जिलों में सर्वाधिक है।

अटल पेंशन योजना की प्रोग्रेस रिपोर्ट (दिनांक 31 दिसंबर 2025) के अनुसार बालाघाट जिले में अब तक कुल 1,32,255 अटल पेंशन खातों का पंजीयन किया जा चुका है। इनमें महिलाओं की भागीदारी पुरुषों की तुलना में कहीं अधिक रही है। यह तथ्य न केवल योजना के प्रति महिलाओं की जागरूकता को दर्शाता है, बल्कि बालाघाट जिले के 1022 स्त्री-पुरुष लिंगानुपात को भी सार्थक रूप में प्रतिबिंबित करता है। महिलाओं, युवाओं एवं किसानों ने बड़ी संख्या में इस योजना से जुड़कर अपने सुरक्षित भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

इस उल्लेखनीय सफलता का श्रेय कलेक्टर बालाघाट श्री मृणाल मीना के मार्गदर्शन, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ के सक्रिय सहयोग, जिला प्रशासन, अग्रणी जिला कार्यालय तथा जिले की सभी बैंक शाखाओं के समन्वित प्रयासों को जाता है। भारतीय पेंशन नियामक एवं विकास प्राधिकरण (क्कस्नक्रष्ठ) द्वारा जारी स्कोरकार्ड में बालाघाट जिले को पूरे भारतवर्ष में प्रथम स्थान प्रदान किया गया है।

इस अवसर पर कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने कहा कि, 'अटल पेंशन योजना के माध्यम से समाज के कमजोर वर्गों को वृद्धावस्था में आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना हमारा प्रमुख उद्देश्य है। बैंक एवं पंचायत स्तर पर किए गए निरंतर प्रयासों से बालाघाट ने देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जो हम सभी के लिए गर्व का विषय है।'

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ ने कहा कि, 'यह उपलब्धि जिले के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है।

## एसडीएम एवं तहसीलदारों द्वारा अलग अलग ग्रामों में की गई जनसुनवाई

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देश पर प्रत्येक मंगलवार को सभी एसडीएम एवं तहसीलदार द्वारा अपने क्षेत्र के अलग अलग ग्रामों में जाकर जनसुनवाई की जा रही है और ग्रामीणों की समस्याओं का सुना जा रहा है। 06 जनवरी को वारासिवनी एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल ग्राम पंचायत लिंगमारा, बैहर एसडीएम अर्पित गुप्ता ग्राम गोगाटोला, परसवाड़ा एसडीएम श्रीश प्यासी ग्राम लौगूर, लांजी एसडीएम श्री कमल सिंहसार ग्राम रिसेवाड़ा एवं किरनापुर एसडीएम एमआर कोल ग्राम पंचायत बिनोरा में आयोजित जनसुनवाई में शामिल हुए।

## दो बाइक की टक्कर, नाना की मौत

**बालाघाट।** बालाघाट के ग्रामीण थाना क्षेत्र में सोमवार शाम को दो बाइक के बीच हुई जोरदार टक्कर में 48 वर्षीय नानोलाल नागौसे की जान चली गई। यह हादसा दोपहर करीब 4 बजे बगदर्रा और कोसमी के बीच हुआ। वारासिवनी क्षेत्र के रेंगाटोला निवासी नानोलाल नागौसे अपनी नातिन संध्या को लेकर अपनी बेटी के घर बगदर्रा कुटिया जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में उनकी बाइक दूसरी बाइक से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइकों के सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद घायल नानोलाल और दूसरी बाइक पर सवार 30 वर्षीय राहुल को तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया। गंभीर रूप से घायल राहुल को उसके परिजन बेहतर इलाज के लिए एक निजी अस्पताल ले गए हैं।

# राष्ट्रवादी चालक सेवा संगठन ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का किया स्वागत

**वाहन चालकों की समस्याओं को लेकर बैठक में हुई चर्चा**



**नवभारत, बालाघाट।** राष्ट्रवादी चालक सेवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामकुमार मलिक व संगठन के संस्थापक रघुवंश प्रसाद विश्वकर्मा का मंगलवार को बालाघाट आगमन हुआ। जिनकी मौजूदगी में राष्ट्रवादी चालक सेवा संगठन के जिला पदाधिकारियों की बैठक स्थानीय मोतीउद्यान में संपन्न हुई। इस अवसर पर जिला पदाधिकारियों द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष व संगठन के संस्थापक का फूल मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया गया। बैठक में वाहन चालकों की समस्याओं व विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा की गई। तत्पश्चात् कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर को ज्ञापन भी दिया गया। इस संबंध में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिक ने बताया कि ड्रायवरों के अनावश्यक चालान काट दिया जाता है। चालकों को प्रताड़ित किया जाता है और समय पर वेतन का भुगतान नहीं किया जाता है। जिससे आर्थिक दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ड्रायवर का लायसेंस के आधार पर 20 लाख रूपये का बीमा होना चाहिए। ड्रायवर को 60 वर्ष के बाद कम से कम 6 हजार रूपये प्रतिमाह पेंशन दिया जाए। उन्होंने कहा कि ड्रायवरों का काम काफी कठिन व जोखिम भरा होता है। खासकर जब वे सामान की ढुलाई करते है और लंबे समय तक सडक़ों पर यात्रा करते है। उन्होंने वाहन चालकों की समस्याओं को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया है।

ज्ञापन के माध्यम से कलेक्टर से मांग रखी गई है। इसमें वाहन चालकों को सडक़ पर सुरक्षित रखने के लिये पुलिस प्रशासन से नियमित सुरक्षा जांच यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। इसके अलावा दुर्घटनाओं से बचने के लिये विशेष सुरक्षा अभियान चलाने की आवश्यकता है। ड्रायवरों का समय-समय पर वाहन फिटनेस परीक्षण की जानकारी व सुविधा मिलनी चाहिए। जिससे उनके वाहन सडक़ पर सुरक्षित रूप से चल सकें। इसके साथ ही फिटनेस प्रमाणपत्रों के नवीनीकरण में किसी भी तरह की जटिलताओं से बचा जा सकें।

इस दौरान राष्ट्रवादी चालक सेवा संगठन के जिलाध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष शेख मोहम्मद, सचिव पराग टेंभुर्णे, दीकप कस्तुरे, सोमलाल तिलासे सहित अन्य मौजूद रहे।

# विधायक ने कांग्रेस पार्षद दल के साथ किया फिल्टर प्लांट का निरीक्षण



**नवभारत, बालाघाट।** बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे द्वारा आज 5 जनवरी को बूढ़ी स्थित फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया गया। साथ ही वहां से पानी सप्लाई की व्यवस्था का अवलोकन किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस के पार्षददल भी शामिल रहे। नपा के सीएमओ सहित पेयजल व्यवस्था से जुड़े अधिकारी व कर्मचारी भी इस अवसर पर मौजूद रहे। बता देवें कि इंदौर में दूषित पेयजल पीने से 16 लोगों की मौत होने के साथ ही दो सैकड़ा लोगों के गंभीर रूप से पीड़ित होने के मामला सामने आने के पश्चात नगरीय क्षेत्रों में प्रदाय हो रहे जल व्यवस्था को लेकर सवाल उठ रहे हैं। बालाघाट नगरपालिका क्षेत्र के कुछ वार्डो में अच्छा पानी नहीं मिलने व पेयजल व्यवस्था ठीक नहीं होने को लेकर विधायक अनुभा मुंजारे के समक्ष कांग्रेस के पार्षदों व स्थानीय लोगों ने जानकारी प्रदाय की थी। जिसके चलते विधायक अनुभा मुंजारे ने कांग्रेस पार्षद दल के साथ सबसे पहले फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया। इसके साथ ही वार्ड नम्बर 13 सहित अन्य में पहुंचकर वार्डवासियों से भेंट की। पानी की स्थिति को लेकर जानने का प्रयास किया। इस संबंध में विधायक अनुभा मुंजारे ने बताया कि बालाघाट के बैनगंगा नदी के तट पर ढीमरटोला बूढ़ी में स्थित फिल्टर प्लांट में पहुंचकर निरीक्षण किया गया हैं। जहां पर पानी के फिल्टर की व्यवस्था व उपयोग किये जाने वाले एलम सहित अन्य सफाई व्यवस्था का जायजा लिया गया। कुछ कमियां पायी गई हैं। जिसके लिये निर्देशित किया गया और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिये कहा गया हैं। विधायक अनुभा मुंजारे ने कहा कि शहर के कुछ स्थानों पर पाईप लाईन में रिसाव होने व नालियों के बीच से ले जाये जाने की शिकायत मिली हैं। नपा को इस ओर तत्काल ध्यान देने चाहिए। ताकि हमारे शहरवासियों को साफ व स्वच्छ पानी मिल सके।

# होशंगाबाद व सिवनी की टीम ने मैच जीते

**स्टेट हॉकी टूर्नामेंट का क्वाटर फाइनल आज**



**नवभारत, बालाघाट।** स्थानीय शहीद चन्द्रशेखर एस्टोटर्फ मैदान में 4 जनवरी से स्वर्गीय दीवान बहादुर एम.एम मुलना साहब की स्मृति में आयोजित हॉकी मध्यप्रदेश महिला स्टेट हॉकी टूर्नामेंट का क्वाटर फाइलन मैच 7 जनवरी को खेला जाएगा। टूर्नामेंट के तीसरे दिन दो मैच खेला गया। इसमें पहला मैच होशंगाबाद व बड़वानी के बीच खेला गया। जिसमें होशंगाबाद के खिलाडियों ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुये 4-1 गोल से विजयी हुई। वहीं दूसरा मैच सिवनी बनाम सागर के मध्य खेला गया।इसमें सिवनी की टीम ने 9-0 से एकतरफा जीत प्राप्त कर क्वाटर फाइनल में प्रवेश किया है। इस मैच में अतिथि के रूप में सहायक कलेक्टर के.एस गौतम, पूर्व नपाध्यक्ष रमेश रंगलानी, डॉ. संतोषसिंह ठाकुर, उत्पानसिंह ठाकुर, जितेन्द्र कोचर, विजय वर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

**इनके बीच होगा क्वाटर फाइनल**

टूर्नामेंट का क्वाटर फाइनल मैच 7 जनवरी बुधवार को खेला जाएगा। इनमें पहला मैच सुबह 9 बजे से मंदसौर व बैतूल के बीच व दूसरा मैच जबलपुर व होशंगाबाद के मध्य एवं तीसरा मैच ग्वालियर व रायसेन के मध्य व अंतिम व चौथा क्वाटर फाइनल मैच भोपाल व सिवनी के मध्य खेला जाएगा। इस अवसर पर नेहरू स्पोर्टिंग क्लब के अध्यक्ष किरण भाई त्रिवेदी, हॉकी के वरिष्ठ खिलाड़ी राजकुमार शांडिल्य, राजेश सेवईवार, सुशील वर्मा, वामन उके, फिरोज खान, गोपाल धुर्वे सहित अन्य पदाधिकारियों ने खेल प्रेमी दर्शकों से अधिकाधिक उपस्थिति की अपील की है।

## रोशना में लगाया गया पशु चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शिविर

**बालाघाट।** कृषि कार्यों एवं दुग्ध उत्पादन में उन्नत नस्ल के स्वास्थ्य पशुओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इन्ही तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए पशु चिकित्सा विभाग द्वारा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर लगाकर किसानों एवं पशुपालकों के बीमार पशुओं का उपचार किया जा रहा है।इसी कड़ी में 06 जनवरी 2026 को बालाघाट विकासखंड के ग्राम रोशना में पशुपालन विभाग के तत्वावधान में पशु चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण पशुपालकों को उनके पशुओं के लिए सुलभ एवं नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना रहा। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें डॉ एन डी पुरी के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर के दौरान गाय, भैंस, बकरी सहित अन्य घरेलू पशुओं का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

# रोटरी यूथ लीडरशिप अवार्ड आयोजन 9 से



**नवभारत, बालाघाट।** 13 से 18 वर्ष के वर्ष के बच्चों में नेतृत्व, व्यक्तित्व विकास और आत्मविश्वास बढ़ाने रोटरी क्लब ऑफ बालाघाट रॉयल आगामी 9 जनवरी से 11 जनवरी तक रोटरी यूथ लीडरशिप अवार्ड नाम से कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। जिसको लेकर आज आयोजित प्रेसवार्ता में रोटरी क्लब के पदाधिकारियों ने जानकारी साझा की। डिस्ट्रिक्ट रायला चेयर रोटे. बलजीत सिंघ छाबड़ा ने बताया कि रोटरी यूथ लीडरशिप अवॉर्ड (रायला) कार्यक्रम का आयोजन कान्हा के सेलिब्रेशन वन विलास में किया जा रहा है।

जिसमें देशभर से लगभग 150 बच्चे भाग लेंगे। साथ ही विदेशों से आए प्रतिभागी भी इसमें शामिल होकर इस आयोजन को अंतरराष्ट्रीय स्वरूप प्रदान करेंगे।

डिस्ट्रिक्ट मैनेजमेंट टीम से रायला एडवाइजर रोटे. कमलजीत सिंघ छाबड़ा ने बताया कि रोटरी इंटरनेशनल का एक प्रतिष्ठित यूथ लीडरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम है, जिसका उद्देश्य युवाओं में नेतृत्व क्षमता का विकास, आत्मविश्वास, अनुशासन और टीमवर्क, संवाद कौशल व निर्णय क्षमता तथा समाज के प्रति जिम्मेदारी की समझ पैदा करना है। जिस कार्यक्रम में 13 से 18 वर्ष स्कूल, कॉलेज के छात्र, उभरते युवा लीडर्स, ऐसे युवा जो सीखने और आगे बढ़ने की इच्छा रखते है, वे, इसमें शामिल हो सकते है। इस कार्यक्रम में लीडरशिप वर्कशॉप, मोटिवेशनल सेशन्स,पर्सनैलिटी डेवलपमेंट, टीम बिल्डिंग एक्टिविटीज, खेल, समूह चर्चा व प्रैक्टिकल ट्रेनिंग जैसी गतिविधियां होगी। जिसका लाभ युवा पीढ़ी को नेतृत्व कौशल में वृद्धि, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच, नए मित्र और नेटवर्किंग के रूप में होगा। आयोजन में शामिल होने वाले युवाओं को ऋङ्क्रु प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आयोजन रोटरी क्लब ऑफ बालाघाट रॉयल द्वारा क्लब अध्यक्ष रोटे. संदीप असाटी एवं सचिव रोटे. आशीष साहू ने संयुक्त रूप से बताया कि ये कार्यक्रम अनुभवी रोटेरियन एवं विशेषज्ञ के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें शामिल होने वाले इच्छुक प्रतिभागी शीघ्र अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते है।

शिविर | सेवा, अनुशासन, नेतृत्व और सामाजिक चेतना की अनुपम मिसाल बना शिविर

# ग्राम कुम्हारी में एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन



**नवभारत, बालाघाट।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालाघाट की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) बालक एवं बालिका इकाई द्वारा ग्राम कुम्हारी स्थित पीएम श्री रानी अवंती बाई शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का भव्य, गरिमामय एवं भावनात्मक समापन रविवार, 4 जनवरी 2026 को सम्पन्न हुआ।

'मेरा युवा भारत' एवं 'डिजिटल साक्षरता के लिए युवा' की थीम पर आधारित यह विशेष शिविर 29 दिसंबर 2025 से 4 जनवरी 2026 तक सेवा, अनुशासन एवं सामाजिक जागरूकता के उद्देश्यों के साथ सफलतापूर्वक संचालित किया गया।

समापन समारोह की शुरुआत दोपहर 2:00 बजे से हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य एवं शिविर संरक्षक डॉ. अशोक कुमार मराठे ने की।

विशेष अतिथि के रूप में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. पी. एस. कातुलकर, क्षेत्र की लोकप्रिय जनपद सदस्य माननीया लक्ष्मी दशहरे, ग्राम कुम्हारी के सरपंच माननीय सावन पिछोड़े, उपसरपंच प्रमिला जी, महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, एनएसएस स्वयंसेवक-स्वयंसेविकाएँ तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।सात दिवसीय शिविर के दौरान स्वयंसेवकों को विभिन्न दलों में विभाजित कर भोजन व्यवस्था, रसोई संचालन, परिसर स्वच्छता, मंच सज्जा, कार्यक्रम संचालन एवं 'शिविर दर्पण' के निर्माण जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं, जिन्हें सभी दलों ने पूर्ण निष्ठा, अनुशासन और समर्पण के साथ निभाया।समापन दिवस की शुरुआत ग्राम कुम्हारी में अंतिम प्रभात फेरी से हुई, तत्पश्चात शिविर स्थल की पूर्ण स्वच्छता एवं भोजन व्यवस्था सम्पन्न की गई।

जनपद सदस्य लक्ष्मी दशहरे ने अपने उद्बोधन में कहा कि एनएसएस जैसे शिविर ग्रामीण अंचलों में जागरूकता, स्वच्छता और सामाजिक चेतना को सशक्त करने का प्रभावी माध्यम हैं तथा भविष्य में भी ग्राम कुम्हारी में ऐसे शिविर आयोजित होते रहने चाहिए।

सरपंच सावन पिछोड़े ने ग्राम पंचायत के सहयोग का उल्लेख करते हुए कहा कि एनएसएस शिविर युवाओं में राष्ट्र निर्माण, सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध संघर्ष एवं स्वच्छता के प्रति उत्तरदायित्व की भावना को मजबूत करते हैं।प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे ने कहा कि शिविर में अर्जित सेवा, अनुशासन एवं नेतृत्व के गुण स्वयंसेवकों के सम्पूर्ण जीवन का मार्गदर्शन करें। वहीं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. पी. एस. कातुलकर ने शिविर की उपलब्धियों को जीवनभर स्मरण रखने की प्रेरणा दी।समारोह में छठवें दिवस के 'शिविर दर्पण' समाचार पत्र का विमोचन किया गया, जिसकी प्रेरणादायक एवं रोचक सामग्री का वाचन किया गया।महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक एवं पूर्व प्राचार्य डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव ने स्वयंसेवकों हेतु फलाहार की व्यवस्था की तथा 'शिविर दर्पण' के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय संस्करण के चयनित स्वयंसेवकों को मोमेंटो प्रदान कर प्रोत्साहित किया। उन्होंने एनएसएस को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का सशक्त मंच बताया।

**सम्मान समारोह एवं 'शिविर दर्पण' का विमोचन**

इस अवसर पर सर्वश्रेष्ठ दल, सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक एवं सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेविका का चयन कर जनपद सदस्य एवं सरपंच द्वारा मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम अधिकारी प्रो. सुखचंद्र ऐड़े (बालक इकाई) एवं डॉ. रचना कोरी (बालिका इकाई) द्वारा सभी अतिथियों का मोमेंटो भेंट कर अभिनंदन किया गया।



# बाघ की खाल तस्करों को पकड़ने वाली टीम का हुआ सम्मान

**वन्यजीव अपराध नियंत्रण में पुलिस की सराहना**

**दिल्ली ब्यूरो ने नकद पुरस्कार और प्रमाण पत्र से नवाजा**

**भुआ बिछिया।** मंडला पुलिस द्वारा वन्यजीव संरक्षण और अपराध नियंत्रण की दिशा में किए गए उत्कृष्ट कार्यों को अब राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है।

पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के कुशल निर्देशन में थाना बिछिया पुलिस की उस टीम को सम्मानित किया गया है, जिसने बाघ की खाल के साथ तस्करों को पकड़ने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की थी।

**बाघ की खाल के साथ पकड़े गए थे 5 आरोपी**-बताया गया कि 28 जनवरी 2024 को बिछिया पुलिस ने सटीक सूचना के आधार पर एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया था। इस दौरान पुलिस ने बाघ की खाल के साथ पाँच आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इस मामले में वन्य जीव संरक्षण अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर विधिक कार्रवाई की गई थी। पुलिस की इस मुस्तैदी ने वन्यजीव तस्करों के एक बड़े नेटवर्क को ध्वस्त किया था।

**नई दिल्ली ब्यूरो ने किया सम्मानित**-पुलिस टीम की इसी कार्यक्षमता और व्यावसायिक दक्षता को देखते हुए वन्य जीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो, नई दिल्ली द्वारा तत्कालीन पुलिस टीम के लिए नकद पुरस्कार और प्रशंसा प्रमाण पत्र जारी किए गए। यह सम्मान जिले की पुलिस के लिए एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

**सम्मान समारोह का आयोजन**-थाना बिछिया में आयोजित एक विशेष समारोह में एसडीओपी बिछिया सौरभ तिवारी ने संबंधित पुलिस स्टाफ को प्रशंसा प्रमाण पत्र और नकद राशि भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने पूरी टीम के मनोबल को बढ़ाते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार की कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस उपलब्धि पर जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और स्थानीय नागरिकों ने पूरी टीम को बधाई दी है।